CONVOCATION

# हार न मानने वाले ही इतिहास रचते हैं



इंदौर • अच्छी टीम वही है, जो 1+1 को केवल 2 नहीं बल्कि 11 बना दे। एडिसन ने एक हजार बार कोशिश की, लेकिन जब उन्होंने ठान लिया और एक बार फिर प्रयास किया तो इतिहास रच दिया। मैंने हमारे इतिहास के कई महान चिंतकों जैसे चाणक्य से प्रेरणा लेकर उन्हें जीवन और कार्य में लागू किया। यह बात सेवानिवृत्त एयर मार्शल शशिकर चौधरी ने एनएमआईएमएस इंदौर के अंडरग्रेजुएट दीक्षांत समारोह में कही। उन्होंने स्कूल ऑफ लॉ, स्कूल ऑफ कॉमर्स और स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग के ग्रेजुएट को अपने करियर के अगले चरण में प्रवेश करते समय दृढ़, नवोन्मेषी और मानसिक रूप से चुस्त बने रहने के लिए प्रेरित किया। अखिलेश राठी, डॉ. शरद म्हैसकर ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विभिन्न ग्रेजुएशन और पीजी प्रोग्राम के छात्रों को डिग्री प्रदान की गईं। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. अंशुमन जसवाल उपस्थित थे।

https://www.bhaskar.com/local/mp/indore/news/indore-discipline-and-perseverance-are-the-only-ways-to-achieve-success-135765895.html

Publication Name : Dainik Bhaskar

Edition : Indore